## आयुक्त ने अधिकारियों को फील्ड पर उतरने के दिए निर्देश

# कठोर कदम, बड़े बकायादारों पर कुर्की और नल कनेक्शन काटने की कार्यवाही शुरू

हरिभूमि जबलपुर।

नगर निगम ने वित्तीय वर्ष के अंतिम दिनों में राजस्व वसूली को लेकर अपनी रणनीति बेहद आक्रामक कर दी है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार के मार्गदर्शन में पूरे शहर में एक साथ कुर्की और नल कनेक्शन विच्छेदन का अभियान चलाया गया है। इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य उन बड़े बकायादारों को कड़ा संदेश देना है जो लंबे समय से कर अदायगी में कोताही बरत रहे हैं।

### अधिभार से बचने का आखिरी मौका, 9 दिन शेष




करदाताओं को अनुरोध करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि बिना किसी अतिरिक्त बोझ के टैक्स जमा करने के लिए अब मात्र 9 दिन शेष हैं। 1 अप्रैल से नए नियम लागू होते ही बकाया राशि पर डबल अधिभार देना होगा। निगमायुक्त की अपील है कि करदाता इस भारी वित्तीय दंड से बचें और समय रहते अपने करों का भुगतान कर शहर की स्वच्छता और विकास में अपना योगदान दें।

### अपर आयुक्तों को सौंपी कमान, रोजाना होगी समीक्षा

निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने राजस्व लक्ष्यों को शत-प्रतिशत हासिल करने के लिए कार्यविभाजन की नई रूपरेखा तैयार की है।

### फील्ड पर तैनात होंगे अफसर

निगमायुक्त के द्वारा जारी निर्देशों के मुताबिक आज से सभी अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, वी एन बाजपेई, मनोज श्रीवास्तव, श्रीमती सिंह आदि ने आज से ही सभी अपर आयुक्त अपने आवंटित जोनों में सक्रिय रहेंगे। उनका एकमात्र लक्ष्य राजस्व वसूली में वृद्धि करना होगा। प्रत्येक जोन की प्रगति की समीक्षा प्रतिदिन आयुक्त स्वयं करेंगे।

### वन-टू-वन एक्शन

निगमायुक्त ने बताया कि बड़े बकायादारों की पहचान कर उनसे सीधा संवाद किया जा रहा है, और सहयोग न मिलने पर तत्काल कुर्की की कार्यवाही के साथ नल कनेक्शन भी काटे जा रहे हैं।

## *30 मार्च से सजेगा 'महापौर आज़ाद कप' का रोमांचक मंच*

**जबलपुर।** शहर के खेल गलियारों में एक बार फिर उत्साह की लहर दौड़ने वाली है। आज़ाद संगठन समिति द्वारा आगामी 30 मार्च 2026 से बहुप्रतीक्षित 'महापौर आज़ाद कप 2026' का भव्य आयोजन होने जा रहा है। टेनिस बॉल क्रिकेट की यह प्रतियोगिता इस बार अपने 10वें संस्करण के पड़ाव पर पहुँच चुकी है, जो इसकी लोकप्रियता और सफलता का प्रमाण है।

### रानीताल मैदान में डे-नाइट मुकाबलों का रोमांच

इस बार भी टूर्नामेंट के रोमांच को दोगुना करने के लिए डे-नाइट मैचों का आयोजन किया गया है। शहर के प्रतिष्ठित रानीताल वेलोड्रम मैदान में दूधिया रोशनी के बीच जब चौके-छक्कों की बरसात होगी, तो नजारा देखने लायक होगा। यह आयोजन महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' एवं आज़ाद ग्रुप के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है। समिति ने सभी खेल प्रेमियों और स्थानीय टीमों को इस महोत्सव का हिस्सा बनने के लिए सादर आमंत्रित किया है।

## जीएसटी पर मंथन आजः विशेषज्ञ देंगे नए नियमों और तकनीक पर मार्गदर्शन

**जबलपुर।** सीए एसोसिएशन एवं टैक्स बार एसोसिएशन, जबलपुर के सहयोग से, मध्यभारत के अग्रणी टैली पार्टनर पीसी प्लेनेट एवं टैली सॉल्यूशन्स प्रा. लि. के संयुक्त तत्वावधान में "जीएसटी पर परिचर्चा" का आयोजन सोमवार, 23 मार्च 2026 को शाम 4:00 बजे से 6:00 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन होटल कृष्णा, भंवरताल गार्डन के सामने, जबलपुर में होगा। इस विशेष परिचर्चा में Tally Prime 7.0 के नवीन फीचर्स, स्मार्ट बिज़नेस ऑटोमेशन सॉल्यूशन्स तथा अकाउंटिंग एवं टैक्सेशन क्षेत्र में हो रहे आधुनिक तकनीकी नवाचारों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की जाएगी। साथ ही, जीएसटी एवं इनकम टैक्स के नवीनतम नियमों पर विशेषज्ञों द्वारा व्यावहारिक मार्गदर्शन दिया जाएगा।कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सीए अखिलेश जैन (स्वतंत्र निदेशक, गेल इंडिया), सीए चांदनी आहूजा (अध्यक्ष, सीए एसोसिएशन, जबलपुर), एडवोकेट शिविर नेमा (अध्यक्ष, टैक्स बार एसोसिएशन, जबलपुर) एवं वरिष्ठ सीए मनोज जैन सहित शहर के अनेक प्रतिष्ठित चार्टर्ड अकाउंटेंट, कर अधिवक्ता, उद्योगपति एवं व्यवसायिक क्षेत्र के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराते हुए पीसी प्लेनेट के निदेशक नितिन जैन द्वारा बताया गया कि बदलते जीएसटी नियमों के अनुरूप व्यवसाय को प्रभावी, पारदर्शी एवं तकनीकी रूप से सक्षम कैसे बनाया जा सकता है। टैली सॉल्यूशन्स, बेंगलुरु के वरिष्ठ प्रतिनिधि द्वारा व्यावहारिक समाधान एवं लाइव डेमो के माध्यम से महत्वपूर्ण जानकारी साझा की जाएगी। यह परिचर्चा संस्कारधानी के चार्टर्ड अकाउंटेंट, टैक्स प्रैक्टिशनर, अकाउंटेंट एवं व्यापारिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों के लिए एक उत्कृष्ट अवसर है, जहाँ उन्हें नवीन तकनीकों एवं कर प्रणाली से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियाँ प्राप्त होंगी।




## ननि सम्पत्ति कर से उत्पन्न समस्या पर बैठक आज

**जबलपुर।** शासकीय औद्योगिक क्षेत्र रिछाई एवं आधारताल में कार्यरत अधिभोगी उद्योगों पर अवैधानिक एवं असंगत संपत्तिकर वसूली प्रक्रिया तथा संपत्तिकर जमा करने के बनाये जा रहे अनुचित दबाव से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा हेतु समस्त उद्योगपतियों की सम्मिलित बैठक 23 मार्च को शाम 06 बजे से महाकोशल चेम्बर सभागार में आयोजित है। सभी संबंधितों से बैठक में उपस्थिति की अपील चेम्बर अध्यक्ष रवि गुप्ता, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शंकर नाग्देव, युवराज जैन गढ़ावाल, अखिल मिश्र, हेमराज अग्रवाल, गुलशन माखीजा, प्रभात जैन, राजेश चण्डोक, अनिल जैन पाली ने की है।

## कालीधाम में 501 अखंड ज्योति कलश के दर्शन आज से प्रारंभ



**जबलपुर।** श्री सिद्ध शक्तिपीठ कालीधाम गौरीघाट जबलपुर में कालीधाम के संस्थापक एवं संचालक पंचखंड द्वादश पीठाधीशवर दंडी स्वामी कालिकानंद सरस्वती स्वामी प्यारेनंद महाराज एवं महामण्डलेश्वर डॉ. स्वामी राधेचैतन्य महाराज के द्वारा कालीधाम शिष्य परिवार की ओर से 501 अखंड मनोकामना ज्योति कलश की स्थापना की गई है, इस शुभ अवसर पर आचार्य पुरोहित द्वारा दुर्गा सप्तशती का पाठ, माँ भगवती काली का पूजन अर्चन, श्रृंगार तथा षोडोपचार विधि से पूजन किया जा रहा है। अनिल उसरेटे ने जानकारी देते हुए बताया कि अखंड ज्योति कलश के दर्शन पंचमी तिथि से प्रारंभ होते हैं सभी श्रद्धालुओं से दर्शन लाभ की अपील की है।

## आप के नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष का किया भव्य स्वागत



**जबलपुर।** आम आदमी पार्टी के नवनियुक्त जबलपुर जिला उपाध्यक्ष सरदार बलराज सिंह के धनवंतरी नगर में आयोजित स्वागत समारोह कार्यक्रम में शामिल सैकड़ों की तादात में क्षेत्र के नागरिकों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के प्रदेश संगठन मंत्री एड. रामकिशोर शिवहरे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। नवनियुक्त प्रदेश संयुक्त सचिव डॉ. अरुण मिश्रा का भी स्वागत किया गया। विक्रम गौतम की अध्यक्षता में संपन्न हुए स्वागत समारोह में मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड समिति के समस्त कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन जिला सचिव आदेश दुबे द्वारा किया गया।

## नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह मरावी का किया भव्य स्वागत



**जबलपुर।** भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश महामंत्री सोहन सिंह मरावी का स्वागत आज तिलहरी स्थित मुद्रा टॉवर में हर्षोल्लास से किया गया। इस अवसर पर संघ के महेन्द्र प्रताप सिंह, उद्यमी महेन्द्र सिंह राठौर, भाजपा युवा मोर्चा आईटी प्रभारी विवेक सिंह, राजेंद्र सिंह, बबलू कुशवाहा, एड. अमित कुमार, दीपक सिंह, अमित सिंह, आरएस परिहार, आरजी पिल्ले एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीयजनों ने सम्मिलित होकर शुभकामनाएं दीं।

## संजय यादव भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त

**जबलपुर।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति से भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार ने प्रदेश पदाधिकारियों की घोषणा की है। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मप्र में जबलपुर से श्री संजय यादव को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके पूर्व श्री संजय यादव पिछड़ा वर्ग मोर्चा में जबलपुर महानगर जिला अध्यक्ष के दायित्व में कार्य कर रहे थे। संजय यादव को पिछड़ा वर्ग मोर्चा में प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किये जाने पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष रत्नेश सोनकर, राज्यसभा सांसद श्रीमती सुमित्रा वाल्मीकि, सांसद आशीष दुबे, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने शुभकामनाएं प्रेषित की है।

## पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जयंती मनाई



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष, पूर्व वित्त मंत्री और रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के प्रथम कुलपति पद्मभूषण पं. कुंजीलाल दुबे प्रतिमा स्थल रानी दुर्गावती वि.वि. प्रांगण स्थल पर शहर के गणमान्य नागरिक, समाजसेवियों एवं राजनीतिक नेताओं की उपस्थिति में पं. कुंजीलाल दुबे की 130वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पं. कुंजीलाल दुबे के पौत्र दामाद सुमित कालिया ने कहा कि कक्का जी का आदर्श जीवन सुचिता और निराभिमान व्यक्तित्व के धनी थे। उनके जीवन प्रसंग आदर्श व्यक्तित्व, सदाचार, ईमानदारी, निष्कलंक, निश्छल और उच्च विचार श्रृंखला तो जैसे आज काल्पनिक लगने लगे हैं, जीवन मूल्यों को संरक्षित करते हुए लोकतांत्रिक प्रणाली का सफलतापूर्वक संचालन करना उनके स्वभाव का सहज प्रभाव बन गया था। प्रदेश और देश में पं. कुंजीलाल दुबे इन्हीं सद्गुणों के कारण सदैव याद किए जाते रहे हैं। आज के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में फिनिक्स ग्रुप के चेयरमेन पं. सुमित कालिया, रादुविवि के कुलपति राजेश वर्मा, शेखर दुबे, शशि दुबे, गोलू दुबे, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष मप्र कांग्रेस कमेटी के विजय कांडा, राजेन्द्र चौधरी, ठा. दीपक सिंह राजपूत, रूपलाल यादव, मुकेश राठौर, प्रवीण पाठक, लक्ष्मी बेन, विजय रजक, भगतराम सिंह, महेश पसीने, देवेन्द्र सरीन, तजिन्दर सिंह, डिम्पी बिन्द्रा, मोनू अग्रवाल, आनंद साहू, सुजीत अवस्थी, राहुल सरीन सहित अनेक गणमान्य नागरिक और फिनिक्स परिवार तथा दुबे परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

### अब परलोक से आ रहे स्वर्गीय डॉक्टर हेमलता के मैसेज

## आईएमए अध्यक्ष सहित अन्य डॉक्टरों को आए आपत्तिजनक वाट्सअप मैसेज

**जबलपुर।** स्वर्गीय डॉ. हेमलता श्रीवास्तव से जुड़ा मामला एक बार फिर चर्चा में आ गया है। क्या अब परलोक से स्वर्गीय डॉक्टर हेमलता का मोबाईल संचालित हो रहा है. उनका मोबाईल कहां और किनके पास है, यह भी जांच का विषय बन गया है. जानकारी के अनुसार उनके मोबाइल नंबर से व्हाट्सएप के जरिए आईएमए अध्यक्ष और नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज अस्पताल की अधीक्षका डॉ. रिचा शर्मा सहित कई डॉक्टरों को आपत्तिजनक संदेश भेजे गए हैं। इन संदेशों में कुछ डॉक्टरों पर गंभीर आरोप लगाते हुए उन्हें मौत के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है।

बताया जा रहा है कि संदेशों की भाषा आरोपात्मक और आपत्तिजनक है। डॉ. रिचा शर्मा को भी इसी नंबर से मैसेज प्राप्त हुए हैं, जिनमें कुछ डॉक्टरों के नाम लेते हुए उन पर दुर्व्यवहार और अन्य गंभीर आरोप लगाए गए हैं। साथ ही उपचार प्रक्रिया और पोस्टमार्टम को लेकर भी सवाल उठाए गए हैं।



हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए डॉ. रिचा शर्मा ने साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि उक्त मोबाइल नंबर से संदेश किसने और किन परिस्थितियों में भेजे। मोबाइल की तकनीकी जांच और संबंधित डिटेल्स खंगाली जा रही हैं।

पुलिस का कहना है कि जांच पूरी होने के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। फिलहाल मामले को संवेदनशील मानते हुए सभी पहलुओं पर जांच जारी है।

### भेड़ाघाट नगर परिसर में नर्मदा जल परियोजना की समीक्षा

## बोरवेल से पानी की सप्लाई बंद की जाए

**जबलपुर।** भेड़ाघाट नगर परिषद के सभागार में नगरीय विकास एवं आवास विभाग के उपक्रम मध्य प्रदेश अर्बन डेवलपमेंट कंपनी के प्रमुख अभियंता आनंद सिंह द्वारा एडीबी से वित्त पोषित भेड़ाघाट समूह नर्मदा जल परियोजना की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भेड़ाघाट, पाटन, कटंगी, मंझौली, सिहोरा, पनागर एवं तेंदूखेड़ा के मुख्य नगर पालिका अधिकारी एवं अध्यक्ष उपस्थित रहे। बैठक के दौरान प्रमुख अभियंता आनंद सिंह द्वारा सभी नगर पालिकाओं को निर्देशित किया गया कि वे जल शोधन संयंत्र के बिजली बिल भेड़ाघाट नगर परिषद के एस्क्रो खाते में 31मार्च के पूर्व जमा करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि नगर परिषद द्वारा बोरवेल से पानी की सप्लाई बंद की जाए, क्योंकि दोनों स्त्रोतों से जल आपूर्ति होने के कारण नगर परिषद पर बिजली बिल का दोहरा भार पड़ रहा है। बैठक में संयुक्त संचालक जबलपुर नगरीय विकास एवं आवासविभाग परमेश जलोटे, परियोजना प्रबंधक जबलपुर इकाई गोपाल गुप्ता, सहित सभी संबंधित उपस्थित रहे।

### पुस्तक मेला में इस बार लगेगा बुक बैंक का स्टॉल

## विद्यार्थियों से पिछले वर्ष की किताबें दान करने का आग्रह

**जबलपुर।** स्कूली बच्चों और अभिभावकों को रियायती दर पर पाठ्य पुस्तकें, कापियां एवं गणवेश उपलब्ध कराने इस वर्ष भी शहर के हृदय स्थल गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक प्रांगण में 25 मार्च से 5 अप्रैल तक पुस्तक मेला का आयोजन किया जायेगा। पुस्तक एवं गणवेश मेला में इस बार भी बुक बैंक का स्टॉल लगाया जा रहा है और पुरानी पाठ्य पुस्तकों के संग्रहण एवं वितरण की व्यवस्था की जा रही है। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी के अनुसार पुस्तक मेला में लगाये जाने वाले बुक बैंक के स्टॉल के लिये विद्यार्थियों से पूर्व वर्ष की किताबों का संग्रह प्रारंभ कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यार्थी जो पुरानी पाठ्य पुस्तकें दान स्वरूप बुक बैंक स्टॉल में देना चाहते हैं, वे अपनी पुस्तकें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), जबलपुर तथा जिला शिक्षा केंद्र में जमा कर सकते हैं। जिला शिक्षा अधिकारी ने सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों से भी अपेक्षा की है कि उनके विद्यालय में उपलब्ध पुरानी पाठ्य पुस्तकों अथवा विद्यार्थियों के पास उपलब्ध उपयोगी पुस्तकों को एकत्र कर उन्हें पुस्तक मेले हेतु जमा कराना सुनिश्चित करें, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर परिवार के विद्यार्थियों को इसका लाभ प्राप्त हो सके। उन्होंने नागरिकों, अभिभावकों एवं से भी इस अनूठी पहल में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए अधिक से अधिक पुरानी पाठ्यपुस्तकों का दान कर विद्यार्थियों के हित में सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। ज्ञात हो कि पिछले वर्ष लगाए गये पुस्तक मेला में रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से विद्यार्थियों और अभिभावकों को नाममात्र शुल्क पर पुरानी पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध कराई गई थीं। इस पहल से कई छात्रों को लाभ प्राप्त हुआ तथा आमजनों द्वारा भी इसकी व्यापक सराहना की गई।

### भाजपा नेत्री के दावे के बाद विवाद गहराया

## अक्षय शर्मा हत्याकांडः गिरफ्तारी या सरेंडर

**जबलपुर।** इंदौर में हुए अक्षय शर्मा हत्याकांड के आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर नया विवाद सामने आया है। भाजपा नेत्री शिखा शर्मा ने दावा किया है कि उनके दामाद सहित सभी आरोपियों ने स्वयं सरेंडर किया है, जबकि पुलिस का कहना है कि आरोपियों को दबिश देकर पकड़ा गया। जानकारी के अनुसार इंदौर के बाणगंगा क्षेत्र में हुई हत्या के मामले में फरार आरोपियों को जबलपुर पुलिस की मदद से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों में भाजपा नेत्री शिखा शर्मा का दामाद शशिकांत शर्मा भी शामिल है। जबलपुर के राइट टाउन स्थित उनके निवास से गिरफ्तारी के बाद पुलिस सभी आरोपियों को इंदौर ले गई। इस घटनाक्रम के बीच शिखा शर्मा ने कहा कि पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की, बल्कि उन्होंने स्वयं आरोपियों को थाने ले जाकर सरेंडर कराया। उनका कहना है कि शशिकांत शर्मा और उसके भाई पहले से उनके संपर्क में थे। उन्होंने तीनों को बुलाकर लार्डगंज थाने पहुंचाया, लेकिन पुलिस सरेंडर को गिरफ्तारी बता रही है। वहीं सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें जबलपुर और इंदौर पुलिस की टीम एक बिल्डिंग से शशिकांत शर्मा को पकड़कर ले जाती दिखाई दे रही है। पुलिस अधिकारियों ने भाजपा नेत्री के दावों को खारिज करते हुए कहा कि इंदौर पुलिस की टीम सूचना के आधार पर जबलपुर पहुंची थी। स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी के ससुराल में दबिश दी गई, जहां शशिकांत शर्मा मौके पर मिला और उसे पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपने दो अन्य साथियों की जानकारी दी।


### मार्च में मई-जून जैसी गर्मी, कृषि विभाग ने दी जल्द कटाई की सलाह

# 20 दिन पहले पकी गेंहू की फसल, किसानों ने शुरु की कटाई

हरिभूमि जबलपुर।

मप्र के कई क्षेत्रों में मार्च के पहले ही मई जून जैसे गर्मी पडऩे लगी है। जिसको लेकर किसान भी चिंता में दिखाई दे रहे हैं। इस बार फसल अच्छी हुई है लेकिन अधिक गर्मी होने से गेहूं की फसल 20 दिन पहले ही पक गयी है। जिस कारण किसानों को मजबूरी में खेतों में गेंहू की कटाई शुरू करनी पड़ गई है। मटर, चना काटकर किसानों ने रख लिए हैं लेकिन किसान अब सोना काट रहे हैं जिसे गेंहू कहा जाता है। वहीं, कृषि विभाग ने भी अलर्ट कर दिया है कि किसान जल्द अपनी फसल की कटाई करें।

मौसम में आए बदलाव के कारण किसानों की चिंता बढ़ गई है। किसान फसलों की कटाई कर थ्रेसिंग कराने में चौबीस घंटा जुटे हुए हैं। साथ ही गेहूं की फसल में हार्वेस्टर चलवा रहे हैं, जिससे फसल सुरक्षित घर लाई जा सके। वहीं, कृषि विभाग ने भी जल्द से जल्द फसल की कटाई करने की सलाह किसानों को दी है। प्रदेश के कई जिलों में इस बार किसानों की अच्छी फसल हुई है, लेकिन गेंहू में पानी पडऩे से कुछ कमजोर पड़ गई है। किसान इस बार की फसल से खुश भी दिखाई दे रहे हैं। किसानों की रबी फसल तैयार हो चुकी है।



### किसानों को कटी फसल के नुकसान का डर

कुछ फसलें जैसे चना, मटर काटकर खेतों में रखवा चुका है और गेंहू की फसल की कटाई शुरू हो चुकी है। लेकिन किसानों को मौसम में बदलाव के साथ अचानक बारिश या बूंदा बांदी की आशंका भी बनी हुई है। जिससे किसानों को उनकी खड़ी और कटी फसल के नुकसान होने का डर भी सता रहा है। वहीं, कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को सलाह देते हुए कहा है कि जल्द फसल काट कर सुरक्षित रखें क्योंकि आने वाले दिनों में हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है।

### इस बार बंपर हुई गेंहू की फसल

इस साल हुई लगातार बारिश के कारण किसानों की कुछ फसल खराब हो गई थी। लेकिन रबी के सीजन की फसलें अच्छी हुई हैं। चना, मटर, मसूर और सरसों किसानों का कट चुका है। कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इस बार गेंहू की फसल अच्छी हुई है। कुछ जगह के किसानों ने बताया कि मटर, चना काट चुके हैं। गेंहू की कटाई चल रही है। इस बार पैदावार अच्छी हुई है,लेकिन पानी लगने से कुछ कमजोर हो गई है।

# मंदिरों में उमड़ रहा श्रद्धा और आस्था का सैलाब

## आज पंचमी पर होगी स्कन्द माता की उपासना-आराधना

जबलपुर।

**शक्ति उपासना का महापर्व वासंतेय नवरात्र शहर में पूरी श्रद्धा भक्ति के साथ मनाया जा रहा है। देवी देवालयों में सुबह शाम माता रानी के जयकारे गूंज रहे हैं। रंग-बिरंगी विद्युत छटाओं से जगमगा रहे माता रानी के दरबार में श्रद्धालु भक्तों की भीड़ उमड़ रही है। श्रद्धा और आस्था का संगम बस देखते ही बन रहा है। नवरात्र पर्व के आज पांचवे दिन देवी के पांचवे स्वरूप स्कन्दमाता का पूजन अर्चन किया जायेगा।**

मंदिरों में नवरात्र के मेले का माहौल नजर आने लगा है। सूर्योदय के साथ भी मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का क्रम प्रारंभ हो जाता है, जो देर रात तक अनवरत चलता है। बड़ी खेरमाई मंदिर भानतलैया, बूढ़ी खेरमाई मंदिर चारखंबा, छोटी देवन राईट टाऊन, छोटी देवन दीक्षितपुरा, त्रिपुर सुन्दरी मंदिर तेवर, श्री बगलामुखी मंदिर सिद्धपीठ मढ़ाताल, माँ शारदा देवी मंदिर बरेला, काली मंदिर सदर, शीतलामाई मंदिर घमापुर में भक्तों की भीड़ उमड़ने लगी है। मढ़ाताल सिविक सेंटर स्थित श्री शंकराचार्य मठ में स्थापित बगला मुखी के मंदिर की यज्ञ शाला में प्रज्वलित की गई अखण्ड मनोकामना ज्योति बस देखते ही बनती है। यहां नित्य प्रति महा आरती अर्चन के अनुष्ठान हो रहे हैं।

शहर में सुबह से ही नवरात्र पर्व की श्रद्धाभक्ति और उत्साह नजर आने लगता है। महिलाएं तांबे



के पात्र में जल लेकर मंदिरों की ओर निकल पड़ती हैं तो दुर्गा मंदिरों में जय अम्बे, जय जगदम्बे, जय काली की गूंज सुनाई देने लगती है। नवरात्र पर्व के दिनों में फूल-फल, मावा मिठाई की मांग बढ़ जाती है, जिसके कारण इनके दाम भी बढ़ गये हैं। सर्वाधिक दाम गेंदा, जासौन और गुलाब के फूलों के बढ़े हैं। जबकि फल, फूल, साबूदाना, मूंगफली दाना में तीन से चार रूपये प्रति किलो दाम बढ़ गये हैं।

### झंडा शोभायात्रा आज

चैत्र नवरात्र की पंचमी पर 23 मार्च सोमवार को आज घनघोरिया परिवार द्वारा विशाल झंडा यात्रा निकाली जाएगी, जिसका समापन बंगलामुखी मंदिर में ध्वज अर्पण के साथ होगा। समापन पर मंदिर के सामने भंडारे का आयोजन भी किया गया। आयोजक मानव वीरेंद्र घनघोरिया ने बताया कि परंपरा अनुसार इस वर्ष भी झंडा शोभायात्रा शाम 4 बजे बाजे गाजे के साथ माता के जयकारे लगाते हुए फूटाताल मैदान से प्रारंभ होगी, जो खटीक मोहल्ला, कमानिया गेट, बड़ा फुहारा, गंजीपुरा, सुपर मार्वेट, श्याम टॉकीज होते हुए मढ़ाताल स्थित बंगलामुखी मंदिर पहुंचेगी। श्री घनघोरिया ने सभी श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### तांत्रिक महाकाली मंदिर में महाआरती आज

तांत्रिक महाकाली मंदिर कछपुरा ब्रिज चौक रेलवे क्रासिंग गढ़ा में 23 मार्च को नवरात्रि की पंचमी तिथि पर रात्रि 8 बजे महाआरती का आयोजन किया गया है। मंदिर के अनिकेत, सिद्धार्थ, राकेश चक्रवर्ती, संतोष पटेल, मोहन पटेल, गिब्बल, प्रकाश अमन संस्कार, सीताराम, अमित, पुनीत, पवन ठाकुर, राज पटेल, रौनक, धनराज, प्रहलाद कनौजिया, चरनलाल, मनीषा पटेल, दुर्गा पटेल, भूमि, राधा, सृष्टि, आराध्या व अन्य सदस्यों ने उपस्थिति का अनुरोध किया है।

## शासकीय कालोनियों, कार्यालयों और स्कूलों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त किया जाए

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के प्रांतीय सचिव राजेश सहारिया ने बताया कि जबलपुर में शासकीय कर्मचारी कॉलोनी, स्कूल, कार्यालय के आसपास लगातार अवैध अतिक्रमण चल रहा है, वहीं कार्यालयों और स्कूलों के आसपास पान, गुटखा, नशीले पदार्थों के टपरे खुल रहे हैं। यह अतिक्रमण नगर निगम की उदासीनता के चलते फलफूल रहे हैं। इन अवैध अतिक्रमणों पर तत्काल रोक लगाते हुए शासकीय कालोनियों, शासकीय भूमि को अवैध अतिक्रमण से मुक्त किए जाने की आवश्यक कार्यवाही अतिशीघ्र की जानी चाहिए।कमिश्नर एवं जिला कलेक्टर से संगठन मांग करता है कि मामले को संज्ञान में लेकर शासकीय कालोनियों और कार्यालयों एवं स्कूलों के आसपास के क्षेत्र में जो अवैध अतिक्रमण हैं उन्हें हटाने की कार्यवाही शीघ्र की जानी चाहिए।संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन, राजेश सहारिया, गुडविन चार्ल्स, फिलिप अन्थोनी, राजकुमार यादव, दीपेश जैन, मनमोहन चौधरी, विनय रामजे, सुनील खरादी, उमेश ठाकुर, धनराज पिल्ले आदि ने कमिश्नर एवं कलेक्टर से मांग की है कि शासकीय कालोनियों, कार्यालयों और स्कूलों को अवैध अतिक्रमण से मुक्त किया जाए।




## रामनवमीं पर हनुमान बाग धाम से भव्य श्रीराम रथ यात्रा निकलेगी

जबलपुर। संस्कारधानी गढ़ा में स्थित श्री अवधेश्वर राजा राम मंदिर हनुमान बाग धाम में रामनवमीं के शुभ अवसर पर भव्य श्रीराम रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। हनुमान बाग धाम के संस्थापक धर्म विभूषण पंडित ब्रजेश महाराज ने जानकारी देते हुए बताया कि 27 मार्च 2026 दिन शुक्रवार को शाम 04 बजे से मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के जन्म उत्सव पर श्रीराम रथ यात्रा का आयोजन किया जाएगा। ज्ञातव्य हो कि इस रथयात्रा का यह दसवाँ वर्ष है। सर्वप्रथम सम्पूर्ण राम दरबार के गर्भगृह में विराजित भगवान राम के विग्रह स्वरूप का अभिषेक, पूजन किया जाएगा। तत्पश्चात भगवान श्रीराम रथ यात्रा के रूप में नगर भ्रमण करने के लिए निकलेंगे, जिसमें श्रीराम रथ के साथ अश्व दल, बैंड दल, धमाल पार्टी एवं विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक चेतना हेतु झाकियाँ सम्मिलित की गई हैं।रथ यात्रा मार्ग- श्री हनुमान बाग धाम से छोटी बजरिया, आनंदकुंज, गढ़ा बाजार, पंडा मढ़िया, शाहीनाका, संजीवनी नगर, गौतम जी की मढ़िया, गुलौआ चौक, शुक्ला नगर, एकता चौक, बी.टी. तिराहा, छोटी बजरिया होते हुए हनुमान बाग धाम में पूर्ण होगी।श्रीराम रथयात्रा का स्वागत उपनगरीय गढ़ा क्षेत्र की विभिन्न दुर्गोत्सव समितियों, गणेश उत्सव समितियों एवं विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाएँ करेंगी। हनुमान बाग धाम के संस्थापक धर्म विभूषण पंडित ब्रजेश महाराज एवं समिति पदाधिकारी, अभय पचौरी, डॉ. आशीष मिश्रा, दीपक उपाध्याय, आशु सेठी, सुधीर चौरसिया, सुशील विश्वकर्मा आदि ने क्षेत्र के सभी धर्म प्रेमियों से रथयात्रा में सम्मिलित होने का आग्रह किया है।

## विश्व कविता दिवस पर अनेकान्त की काव्य गोष्ठी संपन्न



जबलपुर। नवरात्रि, विश्व कविता दिवस एवं नव संवत्सर के अवसर पर अनेकान्त संस्था का काव्योत्सव समारोह श्रीजानकीरमन महाविद्यालय में आयोजित किया गया, जिसमें कवियों ने नव संवत्सर, मां दुर्गा पर एवं विश्व कविता दिवस के उपलक्ष्य में समसामयिक रचनाएं प्रस्तुत कीं। कार्यक्रम में सभी कवि एवं कवयत्रियों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि राजा चौरसिया पान उमरिया थे। अध्यक्षता आचार्य विजय तिवारी किसलय ने की। डॉ. अभिजात कृष्ण त्रिपाठी, प्रतुल श्रीवास्तव, राजेश पाठक प्रवीण, डॉ. शिवकुमार सिंह ठाकुर, अभिमन्यु जैन, डॉ. मुकुल तिवारी, सुरेश मिश्रा विचित्र विशिष्ट अतिथि थे। प्रारम्भ में संस्था अध्यक्ष डॉ. संध्या जैन श्रुति ने अनेकांत की गतिविधियों पर प्रकाश डाला। संस्था के निदेशक राजेंद्र मिश्रा ने कविता को प्रेरणा का प्रतीक बताया। संयोजन कृष्णकांत अग्रवाल एवं संचालन दीपक तिवारी ने किया। अतिथि स्वागत चंद्रकांत जैन, विजय जायसवाल, रविन्द्र राघव, उमाशंकर दुबे, नेहा जैन ने किया। सस्वर सरस्वति वंदना प्रीति नामदेव भूमिजा ने प्रस्तुत की। कवि कौशिक सेनगुप्ता, एम.एल. शर्मा, जी.डी. अग्रवाल, मनोज शुक्ला मनोज, आरती तिवारी, मिथिलेश नायक, रत्ना ओझा, विवेक गुप्ता, कुंजीलाल चक्रवर्ती, प्रेम पालीवाल, प्रीति नामदेव, यशोवर्धन पाठक, प्रकाश सिंह ठाकुर, लखनलाल रजक, शंकरलाल सोनी, अनिका जैन, सिद्धेश्वरी सराफ, सुशील श्रीवास्तव, गणेश श्रीवास्तव, कालिदास ताम्रकार, अखिलेश खरे, प्रभा विश्वकर्मा आदि ने स्वरचित रचनाओं का पाठ किया। आभार डॉ. संध्या जैन श्रुति ने किया।





## आजाद चौक, बाबाताल में महाकाली की प्रतिमा स्थापित

सिहोरा । आदिशक्ति मां जगत जननी की साधना-उपासना का महापर्व चैत्र नवरात्र की चतुर्थी पर रविवार को सुबह से देवी मंदिरों में मां को जल चढ़ाने भक्तों की लम्बी कतार देखने को मिली।नगर के देवी मठो बूढी माई,मां ज्वालादेवी,दुर्गा मंदिर,कंकाली मंदिर,पर्वत वासनी खेर मां,माता देवालय खडरा आदि में सुबह से लेकर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहता है। सभी देवी मंदिरों में घट जवारे की भी स्थापना के साथ अखंड ज्योति की स्थापना भी की गई है। घरो मैं भी श्रद्धालुओं द्वारा नौ दिनो तक उपवास रखकर शेरावाली की आराधना की जा रही है।सिहोरा में इस बार झंकार समिति बाबाताल,जय ज्योति समिति आजाद चौक सहित अनेक स्थानों पर शारदेय नवरात्र की तरह माता महाकाली की प्रतिमा स्थापित की गई है। सभी देवी मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और मंदिर के पुजारीयों द्वारा भक्तों को अच्छे से माता के दर्शन हो इसके लिए भी व्यवस्था की गई है ।

## बुद्धि का जागृत रहना अनिवार्य है: मंत्री विश्वास सारंग



जबलपुर। मध्य प्रदेश शासन के सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने जबलपुर के प्रवास पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा महाकौशल प्रांत द्वारा आयोजित 32वें विराट युवक-युवती परिचय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। विजय नगर स्थित वर्मा बारात घर में आयोजित इस गरिमामयी समारोह का शुभारंभ मंत्री श्री सारंग ने भगवान चित्रगुप्त की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।

उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए मंत्री श्री सारंग ने कायस्थ समाज की महत्ता पर प्रकाश डाला और अपने पूज्य पिता स्वर्गीय श्री कैलाश सारंग के विचारों को साझा करते हुए कहा कि यदि संपूर्ण हिंदू समाज को एक मानव शरीर के रूप में परिकल्पित किया जाए, तो कायस्थ समाज उसकी 'बुद्धि और विवेक' है। उन्होंने जोर देकर कहा कि जिस प्रकार किसी शरीर के कुशल संचालन के लिए बुद्धि का जागृत रहना अनिवार्य है, उसी प्रकार राष्ट्र और धर्म की उन्नति के लिए कायस्थ समाज की सक्रियता अत्यंत आवश्यक है।

उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. अभिलाष पांडे ने कायस्थ समाज को 'कलमधारी समाज' के रूप में नमन किया। उन्होंने क्षेत्रीय विकास की प्रतिबद्धता दोहराते हुए घोषणा की कि उत्तर मध्य विधानसभा स्थित भगवान चित्रगुप्त के प्राचीन मंदिर का भव्य जीर्णोद्धार किया जाएगा। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि मंत्री श्री सारंग के मार्गदर्शन में फूटाताल के समीप ग्राउंड में एक अत्याधुनिक मिनी स्टेडियम का निर्माण प्रस्तावित है, जिससे स्थानीय युवाओं को बेहतर खेल सुविधाएं प्राप्त होंगी।

समारोह की अध्यक्षता महाकौशल प्रांत के प्रदेश अध्यक्ष के.के. श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के राष्ट्रीय महामंत्री अध्यक्ष श्रीवास्तव, मध्य भारत प्रांत के अध्यक्ष सुधीर श्रीवास्तव, जिला अध्यक्ष प्रदीप नीखरा सहित नीरज वर्मा, और समाज के अन्य गणमान्य पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन महामंत्री आशीष श्रीवास्तव द्वारा किया गया।



निर्मला चर्च में मनाया गया पुरुष दिवस

## जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन को निर्मला चर्च ने किया सम्मानित

जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया की आज काँचघर स्थित निर्मला चर्च में संत जोसफ की स्मृति में पल्ली पुरोहित फादर फ्रांसिस जेवियर की अध्यक्षता और जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन के मुख्य आतिथ्य में चर्च की महिला मंडल सदस्यों द्वारा चर्च के सभी सदस्यों की उपस्थिति में पुरुषों के मान-सम्मान में पुरुष दिवस मनाया गया। ध्यान रहे की जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष को मुख्य अतिथि के साथ ही एक वक्ता के रूप में वक्तव्य देने के लिए आमंत्रित किया गया। निर्मला चर्च के महिला मंडल के सदस्यों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन कर कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे फादर फ्रांसिस जेवियर और मुख्य अतिथि रॉबर्ट मार्टिन एवं असिस्टेंट फादर रॉबर्ट नॉर्बट को महिला मंडल द्वारा शॉल, नारियल एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जागरूक क्रिश्चियन मंच के प्रदेश संयोजक एडवोकेट जेम्स एंथोनी, क्लेमेंट पायस, शैलेश जॉर्ज, रुपेश गायकवाड़, अल्बर्ट एंथोनी, रोहित गावंडे, वेरोनिका बैप्टिस्ट, रोज मेरी थॉमस, ऐनी बब्बू लाल, फिलिप एंथोनी एवं चर्च के सभी सदस्यों ने उपस्थित रहकर कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बधाई दी।

## ध्यान के माध्यम से आत्मविकास, मानसिक शांति और सकारात्मक जीवन दृष्टि की ओर प्रेरित किया

जबलपुर। मानस भवन जबलपुर में आयोजित तीन दिवसीय मध्यप्रदेश ध्यान महायज्ञ के द्वितीय दिवस का आयोजन अत्यंत उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ संपन्न हुआ। दिनभर चले सत्रों में बड़ी संख्या में साधकों ने सहभागिता की और ध्यान, आत्मचिंतन तथा आध्यात्मिक ज्ञान के विभिन्न आयामों का अनुभव किया। प्रातःकालीन सत्र में आयोजित एस्ट्रल हीलिंग एवं सर्जरी ध्यान विशेष आकर्षण का केंद्र रहा, जिसमें 700 से अधिक साधकों ने भाग लिया। इस सत्र में संचालन ध्यान रत्न पीवी राम राजू एवं सीनियर मास्टर शंपा मुखर्जी ने किया। इस सत्र ने प्रतिभागियों को गहन शांति और आंतरिक ऊर्जा का अनुभव कराया। तत्पश्चात सोल प्लान एवं एगो



प्लान विषय पर छत्तीसगढ़ भिलाई से आई सीनियर मास्टर सुवर्णा सुवि ने अपने विचार रखे। पीवी राम राजू ने पत्री जी के कॉन्सेप्ट्स एवं पुस्तक अध्ययन के महत्व पर प्रकाश डाला। तेलंगाना से सीनियर मास्टर रागिनी सेल्वराज ने Parenting Redefined तथा “Who am I?” जैसे विषयों पर गहन विचार रखे। इन सत्रों ने प्रतिभागियों को जीवन के उद्देश्य, आत्म-जागरूकता और सही निर्णय लेने की दिशा में नई दृष्टि प्रदान की। फिर मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों में ध्यान के प्रोजेक्ट्स एवं प्रचार की जानकारी साझा की गई। भोजनावकाश के बाद एचसी जैन ने हू ई एम विषय पर अपने विचार रखे।

आनापानसति ध्यान सत्र में साधकों ने श्वांस के माध्यम से ध्यान की गहराई का अनुभव किया, वहीं “Death” विषय पर हुए सत्र में शंपा मुखर्जी ने जीवन और मृत्यु के रहस्यों को सरल एवं सहज रूप में समझाया।

संध्याकालीन सत्र में “Power of Thoughts” four types of thoughts विषय पर दिल्ली से पीएमसी हिंदी की डायरेक्टर अमूल्य शास्त्री ने अपने विचार साझा करते हुए मन के विभिन्न प्रकार के विचारों की शक्ति को समझाया। साथ ही पीएमसी के प्रोजेक्ट्स के माध्यम से संगठन की विभिन्न गतिविधियों और सामाजिक योगदान की जानकारी दी गई। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसने पूरे दिन के आध्यात्मिक वातावरण को और भी ऊर्जावान बना दिया। द्वितीय दिवस में 700 से अधिक प्रतिभागियों को ध्यान के माध्यम से आत्मविकास, मानसिक शांति और सकारात्मक जीवन दृष्टि की ओर प्रेरित किया।



## हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि पर्व पर 600 मीटर चुनरी यात्रा निकाली गई

जबलपुर। जय माता दी भक्त परिवार द्वारा हिंदू नववर्ष एवं चैत्र नवरात्रि के उपलक्ष्य में एक भव्य चुनरी यात्रा एवं महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मां बड़ी खेरमाई की इच्छा अनुसार डायरेक्टर शिल्पा तिवारी के संकल्प में 600 मीटर चुनरी यात्रा को दुर्गा चौक से मां बड़ी खेरमाई तक उमंग, उत्साह, हर्षोल्लाह एवं भव्यता से निकाला गया और विधिवत मां को श्रृंगार के साथ चुनरी अर्पित की गई। इस कार्यक्रम में डायरेक्टर जयंती पोद्दार, संरक्षिका श्वेता दुबे एवं रश्मि, सुरभि, आकांक्षा, सपना, वर्षा, वंदना, मौसमी, मंजू, अंजना, रितु, बिंदु, अनामिका, स्मिता, ममता, गीता, श्रद्धा, ललिता, ज्योति समेत जय माता दी भक्त परिवार की 500 से अधिक महिलाओं ने चुनरी को स्पर्श कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**श्रीमती बबीता श्रीवास्तव-** प्रियदर्शिनी कॉलोनी डुमना रोड निवासी श्री रवि प्रकाश श्रीवास्तव की धर्मपत्नी श्रीमती बबीता श्रीवास्तव (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री साकेत बिहारी चौबे-** झामनदास चौक लालमाटी निवासी श्री साकेत बिहारी चौबे (66) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम प्रकाश पाठक-** खमरिया नीमखेड़ा बरेला रोड निवासी श्री राम प्रकाश पाठक (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती चमेली बाई चौधरी-** रविदास नगर सिंधी कैंप बाबा टोला निवासी श्री सुखलाल चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती चमेली बाई चौधरी (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री तेजी लाल रैकवार-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री तेजी लाल रैकवार (54) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कुशल कुमार मेहतो-** ब्यौहारबाग निवासी श्री कुशल कुमार मेहतो (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**कु. वंदना तिवारी-** साईं पैलेस शक्तिनगर निवासी श्री कैलाश नाथ




तिवारी की पुत्री कु. वंदना तिवारी (39) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. कृतिका विश्वकर्मा-** अम्बेडकर भवन राधाकृष्णन वार्ड निवासी श्री रितेश विश्वकर्मा की पुत्री कु. कृतिका विश्वकर्मा (07) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती प्रमिला मल्होत्रा-** नयागांव हाउसिंग सोसायटी रामपुर निवासी श्री कश्मीरी लाल मल्होत्रा की धर्मपत्नी श्रीमती प्रमिला मल्होत्रा (78) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शशि सोनी-** छापर रामपुर निवासी श्री देवेंद्र सोनी की धर्मपत्नी श्रीमती शशि सोनी (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री राजेश यादव-** कृष्णा नगर नब्बे क्वाटर त्रिमूर्ति नगर निवासी श्री राजेश यादव (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई प्रजापति-** इंद्रपुरी कॉलोनी गौरीघाट रोड निवासी श्री संतोष प्रजापति की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई प्रजापति (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
न्यून साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303508294, 9407362100



## झूलेलाल जयंती पर ब्रह्मकुमारी आश्रम की बहनों ने किया प्रवचन

जबलपुर। झूलेलाल जयंती कार्यक्रमों की श्रृंखला में आज झूलेलाल मंदिर भरतीपुर में ब्रह्मकुमारी आश्रम से पधारी मीना बहन और शशि बहन के द्वारा प्रवचन किए गये जिसमें मीना बहन ने उदाहरण की कई कहानी कहते हुए कहा, जो हम देखते हैं उसमें हमें कमियां दिखती हैं, पर ईश्वर सबको देखता है, उन कमियों में भी हमारी भलाई होती है, इसलिए हमें वो कमियां देता है, हमें ईश्वर की मर्जी मान्य करनी चाहिए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से नारायणदास खत्री, रामचंद आहूजा, राजकुमार कांधारी, माधवदास कुंदनानी, रमेशलाल आहूजा, भरत कुकरेजा, मुरलीधर सावलानी, खूबचंद मंलगानी, किशोर लखवानी, दीपक भाई आदि सदस्य उपस्थित थे। मंगलवार दिनांक 24 मार्च 2026 को शाम को 7:00 बजे मानस भवन में अहमदाबाद की कलाकारों द्वारा “सुहं सिन्धियत जी” सांस्कृतिक नाटक एवं संगीत का कार्यक्रम आयोजित है।

## बरेला में धूमधाम से मनाई गई ईद-उल-फितर



जबलपुर। बरेला नगर में ईद-उल-फितर का त्योहार बड़े ही हर्षोल्लास और भाईचारे के साथ मनाया गया। अहले सुन्नत जामा मस्जिद, बरेला में बड़ी संख्या में लोगों ने एकत्र होकर ईद की नमाज़ अदा की। इस मौके पर मौलाना अरमान रज़ा ने नमाज़ अदा कराई और देश में अमन-चैन, खुशहाली और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी।नमाज़ के बाद सभी लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी और आपसी प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों और युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे के घर जाकर सेवइयों और मिठाइयों का आनंद लिया, जिससे पूरे नगर में त्योहार की रौनक बनी रही।इस अवसर पर समाज के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे, जिनमें अरविंद तिवारी, रामजी रैकवार, अल्पसंख्यक ब्लॉक अध्यक्ष शानू रेहान अली, पार्षद दीपक सोनकर, पार्षद भूपेंद्र यादव, विजय जैन, नरेश पटेल, आई.पी.एस. ठाकुर साहब, शेख सलीम, शेख मुन्ना सद्दाम सहित अनेक लोग शामिल रहे।नगर में प्रशासन की ओर से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे, जिससे त्योहार शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। कुल मिलाकर बरेला में ईद-उल-फितर का यह पर्व आपसी प्रेम, एकता और भाईचारे का प्रतीक बनकर मनाया गया।

कार्यालय, सम्भागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 10 रांझी, नगर निगम, जबलपुर
पत्र क्रं/स.अधि./10/एम/281/2025-26
दिनांक:- 18/03/2026

भवन नामांतरण सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आशुतोष अरूण पाढेण पिता श्री अरूण पाढेण खसरा क्रं. 308/2 का भाग पिन नं. 2000116426 वार्ड क्रं. 70 वार्ड का नाम लाला लाज पत राय के पंजीकृत गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टि अनुसार) श्रीमति सरिता दुबे पति श्री चन्द्र प्रकाश दुबे के स्थान पर क्षेत्रफल भूमि 509 व.फु. विक्रय पत्र/ आधार कार्ड के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त मकान नं. पर नामांतरण हेतु/ शास. नजूल भूमि/भवन में काबिज नामांतरण हेतु आवेदन दिया है। जिस किसी को भी उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-10 रांझी नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी
संभाग क्रं.-10 रांझी
नगर निगम, जबलपुर

# जंगल में महुआ चुनने गए युवक को हिंसक बाघ ने बनाया शिकार: अचानक बाघ ने किया हमला, दर्दनाक मौत

बरघाट

वन विकास निगम बहरई के अंतरा बीट से सटे नाले में आज बाघ ने हमला कर एक व्यक्ति को अपना शिकार बना लिया मची चीख पुकार ग्राम अँखिवाड़ा निवासी अशोक उईके पिता प्रेमलाल उईके उम्र 50 वर्ष कल दिनांक 20 मार्च को सुबह सात बजे अपने घर से महुआ चुनने जंगल की ओर गया था, निरंतर दूसरी घटना फिर भी वन विभाग का आदमखोर बाघ पर कोई अंकुश नहीं आखिर क्यों क्या यह लापरवाही या सक्रियता राकेश अगरवार विकासखंड बरघाट के बेहरई वन परिक्षेत्र में जंगली जानवरों की चहलकदमी निरंतर बढ़ती जा रही है जिससे यह हिंसक जानवर अब महुवा चुनने वाले लोगो पर अचानक हमला कर अपना शिकार बनाते जा रहे हैं। विगत दिवस शाम को जंगल की ओर गए युवक का पता नही चलने पर वह घर वापस नहीं आया तो परिवार के लोग कुछ ग्रामीणों के साथ उसे ढूंढने निकले,कुछ ही समय बाद मृतक का शव अंतरा बीट से सटे लामता प्रोजेक्ट के नाले में मिला जिसका अधिकतर हिस्सा बाघ के द्वारा खा लिया गया था।

### पहले मृतक का बनाया गया पंचनामा

घटना स्थल पर जिस समय पंचनामा कार्यवाही चल रही थी उसी समय घटना को देखने पहुंचे तो शब्बीर खान पर बाघ ने हमला करने का प्रयास किया सौभाग्य से आष्टा निवासी शब्बीर खान की जान बच गई अन्यथा बाघ इनपर हमला करने ही वाला था। घटना स्थल पर पंचनामा कार्यवाही करते समय विभागीय अधिकारियों सहित लगभग दो सौ ग्रामीण मौजूद थे इसके बवाजूद बाघ ने हमला करने की कोशिश की जिससे प्रतीत होता है कि यह बाघ आदमखोर बन गया है जिससे क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है। वन विभाग की ओर से समीप के सभी ग्रामवासियों को समझाइश दी गई है कि जंगल में अकेले ना जाए और किसी भी कारण से रात के समय जंगल में जाने से बचे,





### घात कर जंगल के अंदर भागा बाघ

वन विकास निगम बहरई के वन अमले सहित लामता प्रोजेक्ट के अधिकारी कर्मचारी बाघ की पहचान और लोकेशन को पता करने के लिए जंगल में कैमरा लगाने का काम कर रही हैं जिससे बाघ की गतिविधि पर नजर रखी जा सके।

### पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया मृतक का शव

घटना की सूचना तत्काल वन विभाग को दी गई,रात में किसी भी प्रकार की कार्यवाही करना संभव नहीं था जिस कारण से प्रशासनिक अमला आज दिनांक 21 मार्च को घटना स्थल पर पहुंचा और विधिवत कार्यवाही कर शव को पोस्टमार्टम के लिए लालबर्रा भेजा गया।

### विभाग मौन आखिर क्यों

वन विकास निगम के वन परिक्षेत्र बहरइ अंतर्गत एक माह में ये दूसरी घटना है जिसमें बाघ के द्वारा इंसान पर हमला कर अपना शिकार बना लिया गया है अभी कुछ ही समय पहले ग्राम पांडरवानी में बाघ के द्वारा एक महिला को अपना शिकार बना लिया गया था और अब ये दूसरी घटना घटित हो गई वन विभाग ये जानने की कोशिश कर रहा कि कही ये दोनों घटनाओं के लिए एक ही बाघ तो जिम्मेदार नहीं है अगर ऐसा है तो आने वाले समय में इस तरह की घटना पुनः घटित होना संभावित है। क्या वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ध्यान आकर्षित कर बाघ पर अंकुश लगा पाएंगे या नहीं यह समझ के परे है।

## डुण्डासिवनी पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका को किया सकुशल दस्तयाब

**डुण्डासिवनी** एक आरोपी पुलिस गिरफ्त मे पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता नाबालिग बालक बालिकाओ के दस्तयाब हेतु हर संभव प्रयासरत रहते है जिनके कुशल मार्गदर्शन में एवं ए.एस. पी. श्री दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन व नेत्तृव मे कार्य करते हुए थाना डुण्डासिवनी पुलिस व्दारा नाबालिग बालिका को सकुशल दस्तयाब कर परिजनो के सुपुर्द किया। दिनांक 27/12/2025 को प्रार्थी अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में उपस्थित आकर रिपोर्ट लेख कराया कि इसकी 17 वर्ष 09 माह कि नाबालिग बालिका घर से अपने मामा के घर ग्राम डुंगरिया घूमने गयी थी जिसे किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर ले जाने कि रिपोर्ट पर अपराध क्रमाक 584/25 धारा 137(2) वीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी चैनसिंह उड़के व्दारा तत्काल पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया गया पुलिस अधीक्षक व्दारा त्वरित कार्यवाही करते हुए टीम गठित कर अपहृता बालिका की तलाश पतासाजी हेतु टीम अलग अलग स्थानो पर रवाना कि गयी तकनीकी सहायता ली गयी।

## कुएं में तेंदुए का शव मिलने के बाद, वन विभाग ने खेत मालिक को बनाया आरोपी

छतरपुर।

जिले के खजुराहो वन परिक्षेत्र कार्यालय के अंतर्गत बंसिया बंसिया गांव में कालिया बाबा स्थान के निकट एक खेत पर बने बिना मुंडेर के कुएं में तेंदुए का शव मिलने के बाद वन विभाग ने जांच में पाया कि खेत मालिक द्वारा खेत की रखवाली के लिए 11 केवी के लगाए गए नंगे तारों की चपेट में आने से तेंदुए की मौत हुई है। वन विभाग ने विद्युत के नंगे तार और खूंटी बरामद करने के बाद खेत मालिक अग्निहोत्री को आरोपी बनाया है। वन विभाग की टीम ने आरोपी को आज न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेजने की कार्यवाही की गई। वन अपराध प्रकरण क्रमांक 643/20 दिनांक 20 मार्च 2026 पंजीबद्ध किया गया और इस मामले में खेत मालिक को गिरफ्तार किया गया है जानकारी के अनुसार 20 मार्च 2026 को वन मण्डल छतरपुर अंतर्गत वन परिक्षेत्र लवकुशनगर (खजुराहो) की बीट हर्रई से लगे राजस्व ग्राम बंसिया अंतर्गत कुएं में एक मृत वन्य प्राणी तेदुआ का शव पड़ा होने की सूचना प्राप्त हुई सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर जांच की और जांच उपरांत घटना स्थल का घेराव किया गया। घटना स्थल के निरीक्षण के लिए पन्ना टाईगर रिजर्व, पन्ना के डॉग स्कॉड को बुलाया गया प्रकरण में दिनांक 21 मार्च 2026 को डॉग स्कॉड के द्वारा गहन छानबीन की गई। जिसमें प्रथम दृष्टया पाया गया कि तेंदुआ को करंट लगाकर मारा गया और उसे कुएं में फेंक दिया गया। जिसके चलते वन विभाग ने खेत मालिक को आरोपी बनाकर न्यायालय में पेश किया, जहां जेल भेजने की कार्यवाही की गई।

## नाबालिक छात्रा से दुष्कर्म, शिक्षक व होटल मैनेजर गिरफ्तार

**रीवा। जिले की बैकुण्ठपुर पुलिस ने नाबालिक छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वाले शिक्षक व होटल मैनेजर को 24 घण्टे में गिरफ्तार किया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार 18 मार्च को मझिगवां शासकीय स्कूल में पीटीआई टीचर सुखदेव सिंह अपने विद्यालय में पढने वाली नाबालिक छात्रा को रीवा में खेल कूद प्रतियोगिता में शामिल होने की झूठी जानकारी देकर अपने साथ रीवा ले गया व वहां होटल के कमरे में ले जाकर नाबालिक छात्रा के साथ छेडछाड करने लगा।**

नाबालिक छात्रा होटल के कमरे से भागकर होटल के मैनेजर को घटना बताई होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी ने पैसे के लालच में आकर कमरा दिया था और पीडिता द्वारा घटना बताने पर पीडिता को डरा धमका कर घर भेज दिया। पीडिता अपने घर आकर अपनी माँ को घटना बताई व पापा के घर आने पर दिनांक 20 मार्च को थाना जाकर रिपोर्ट की थी। पुलिस नें घटना को गंभीरता से लेते हुये आरोपी सुखदेव सिंह व होटल के मैनेजर अशोक वाधवानी को 24 घण्टे के अंदर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय में पेश किया है। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

## बिना रेरा पंजीयन के नहीं होगी कॉलोनियों के जमीनों की रजिस्ट्री

**रीवा।** प्रदेश में रियल एस्टेट क्षेत्र में पारदर्शिता लाने और उपभोक्ताओं को धोखाधड़ी से बचाने के लिए राज्य सरकार ने एक बड़ा निर्णय लिया है। अब प्रदेश में किसी भी बिल्डर या डेवलपर को फ्लैट या मकान बेचने से पहले सार्वजनिक रूप से यह स्पष्ट करना होगा कि उसके प्रोजेक्ट का भू-संपदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) में पंजीयन है या नहीं। नई व्यवस्था के तहत अब बिक्रय अनुबंध में रेरा पंजीयन नंबर दर्ज करना अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य सरकार के इस निर्णय से अवैध कॉलोनियों की बसाहट एवं धोखाधड़ी पर लगाम लगेगी। उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा के लिए इस नियम को कड़ाई से लागू किया जा रहा है। यदि किसी संपत्ति के विक्रय अनुबंध में रेरा पंजीयन नंबर का उल्लेख नहीं होगा, तो उप रजिस्ट्रार उस संपत्ति की रजिस्ट्री करने से मना कर सकेगा। इस कदम से उन बिल्डरों पर रोक लगेगी जो अब तक उपभोक्ताओं को धोखे में रखकर बिना पंजीयन के ही मकान या फ्लैट बेच देते थे। गौरतलब है कि मध्य प्रदेश के विभिन्न शहरों में कई बिल्डर रेरा नियमों की अनदेखी कर मनमाने ढंग से कॉलोनियां विकसित कर रहे हैं। बिना पंजीयन के बेचे गए इन मकानों के कारण बाद में उपभोक्ताओं को मूलभूत सुविधाओं और मालिकाना हक के लिए कई समस्याओं का सामना करना पड़ता है। हालांकि, नियमों के उल्लंघन पर रेरा द्वारा भारी जुर्माने का प्रावधान है, लेकिन इसके बावजूद कई बड़े प्रोजेक्ट बिना पंजीयन के ही पूरे कर लिए जाते हैं।

## सोना दोगुना करने के चक्कर मे गवां बैठी सोने के जेवरात व नकदी




हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस नगर के समीपी क्षेत्र में सोना डबल करने के लालच में एक महिला लगभग 8-10 तोला सोने के जेवर और नकदी गंवा बैठी। मामला शहर के छिंदवाड़ा बायपास क्षेत्र का है। घटनाक्रम बीते 14 मार्च का बताया जा रहा है जिसमें पुलिस को महिला की ओर से शिकायती आवेदन 16 मार्च को मिलना बताया गया है। जानकारी के अनुसार रजनी विश्वकर्मा 50 वर्ष अपनी मां के साथ बांसकुंवारी रोड हाइवे के पास रहती हैं। परिवार के अन्य सदस्य बाहर रहते हैं। रजनी का आरोप है कि पड़ोस में रहने वाले अजय मेहरा उर्फ अज्जू ने उन्हें एक तथाकथित बाबा का मोबाइल नंबर दिया और उनसे संपर्क करवाया। बताया जा रहा है कि बाबा से संपर्क करने पर उस व्यक्ति ने खुद को मुल्ला अजमेर बताया और तंत्र-मंत्र के जरिए सोना दोगुना करने का झांसा दिया। फोन पर उसे झांसे में लेकर उसके सोने के आभूषण, चेन, झुमकी, अंगूठियां, चूडियां, हार, पायलों समेत लगभग 8-10 तोला सोना, 60 हजार रुपए नकद और मोबाइल को लाल कपड़े में बांधकर घर के पास खाली प्लॉट में रखने को कहा। साथ ही यह भी कहा कि पीछे मुडकर न देखें और एक घंटे बाद लौटने पर सामान दोगुना मिलेगा। महिला ने बाबा के निर्देशों का पालन किया। लेकिन जब वह वापस मौके पर पहुंचीं तो पूरी गठरी गायब थी। इसके बाद पीडिघ्ता ने मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक और स्टेशन गंज थाने में की। इस मामले में स्टेशनगंज थाना प्रभारी सौरभ पटेल के अनुसार मामले की जांच जारी है और सभी पहलुओं पर बारीकी से जांच की जा रही है। उन्होंने आम नागरिकों से कहा है कि इस प्रकार के किसी भी प्रलोभन या अंधविश्वास में न पड़ें।

## कोल इंडिया के कर्मचारी टाटा मेमोरियल में करा सकेंगे कैंसर का इलाज

हरिभूमि न्यूज राजनगर।

कोल इंडिया में कार्य करने वाले कर्मचारियों व पेंशनधारकों के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। कंपनी के निदेशक मंडल की बैठक में लिये गये फैसले के अनुसार मुंबई स्थित टाटा मेमोरियल अस्पताल तथा- नेशनल कैंसर सेंटर में कैंसर उपचार पर होने वाला पूरा खर्च अब वास्तविक-आधार पर प्रतिपूर्ति (रिम्बर्समेंट) किया-जायेगा। इससे संबंधित अधिसूचना कोल इंडिया की ओर से जारी कर दी गयी है। इस सुविधा में कैंसर इलाज के सभी मानक घटक शामिल होंगे। इसमें परामर्श, जांच, इमेजिंग, कीमोथेरेपी, रेडिएशन थेरेपी और सर्जरी जैसे उपचार शामिल हैं। हालांकि, प्रतिपूर्ति के लिए यह जरूरी होगा कि इलाज टाटा मेमोरियल अस्पताल द्वारा प्रमाणित हो और स्वीकृत ऑन्कोलॉजी प्रोटोकॉल के तहत किया गया हो। यह सुविधा सेवानिवृत्त कर्मियों और उनके आश्रितों पर भी लागू होगी।

## अनूपपुर में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन, महिला समिति की अगुवाई विशेष आकर्षण

हरिभूमि न्यूज अनूपपुर।

जिले में कला और संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारतीय जन नाट्य संघ इकाई अनूपपुर द्वारा तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 3, 4 और 5 अप्रैल को अमरकंटक रोड स्थित बेथेल मिशन हायर सेकेंड्री स्कूल में संपन्न होगा। समारोह की सबसे खास बात यह है कि इस बार आयोजन की पूरी जिम्मेदारी महिलाओं की आयोजन समिति ने संभाली है, जो न केवल अनूपपुर बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर भी एक सराहनीय पहल मानी जा रही है। समारोह के पहले दिन 3 अप्रैल को अशोकनगर की जनसंगीत की प्रस्तुति के साथ इलाहाबाद से आए कलाकारों द्वारा 'असमंजस बाबू' नाटक का मंचन किया जाएगा।



दूसरे दिन 4 अप्रैल को प्रसिद्ध फिल्म एवं रंगमंच अभिनेता राजेंद्र गुप्ता की विशेष प्रस्तुति होगी, जिसमें वे चर्चित कवि धूमिल की कविता-पटकथा पर आधारित नाटक प्रस्तुत करेंगे। दूसरे दिन के मुख्य आकर्षण के रूप में राजेंद्र गुप्ता की प्रस्तुति विशेष महत्व रखती है। वे भारतीय रंगमंच, टेलीविजन और सिनेमा के एक वरिष्ठ एवं बहुमुखी अभिनेता हैं, जिन्होंने अपने सशक्त अभिनय से दशकों तक दर्शकों के बीच गहरी छाप छोड़ी है। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की और बाद में टीवी तथा फिल्मों में भी उल्लेखनीय पहचान बनाई। टेलीविजन की दुनिया में राजेंद्र गुप्ता ने कई लोकप्रिय धारावाहिकों में काम किया है, जिनमें चंद्रकांता, ये उन दिनों की बात है और बालिका वधू जैसे चर्चित शो शामिल हैं, जहाँ उन्होंने अपनी प्रभावशाली संवाद अदायगी और सहज अभिनय से दर्शकों का दिल जीता। फिल्मों में भी उन्होंने कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाईं, जिनमें उनके किरदार हमेशा यथार्थ के करीब और यादगार रहे। रंगमंच के प्रति उनकी प्रतिबद्धता आज भी उतनी ही मजबूत है, और वे लगातार नाटकों के माध्यम से सामाजिक सरोकारों को मंच पर जीवंत करते रहे हैं। इस समारोह में वे चर्चित कवि धूमिल की कविता-पटकथा पर आधारित नाटक प्रस्तुत करेंगे, जो अपने तीखे सामाजिक व्यंग्य और यथार्थवादी दृष्टिकोण के लिए जाना जाता है। उनकी प्रस्तुति निश्चित रूप से दर्शकों के लिए एक विचारोत्तेजक और यादगार अनुभव साबित होगी। तीसरे दिन 5 अप्रैल को जबलपुर से आए 'विवेचना' समूह द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चर्चित नाटक 'बहत्तर मील' का मंचन किया जाएगा। इस आयोजन समिति की अध्यक्ष पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पल्लविका पटेल हैं, जबकि महासचिव के रूप में श्रीमती लक्ष्मी खेडिया जिम्मेदारी निभा रही हैं। कोषाध्यक्ष के रूप में डॉ. श्रद्धा सोनी अपनी भूमिका अदा कर रही हैं। इसके अलावा महिला समिति में अनु शर्मा, बिंदू सिंह, तृप्ति ठाकुर, पूनम रात्रे, डॉक्टर करुणा सोनी, निरुपमा पटेल सहित शहर की अनेक महिलाओं ने सक्रिय भागीदारी निभाई है। सभी महिलाएं मिलकर इस आयोजन को सफल और प्रभावी बनाने में जुटी हुई हैं। इस नाट्य समारोह का मुख्य उद्देश्य कला और संस्कृति को संरक्षित करना तथा समाज को रंगमंच से जोड़ना है। आयोजकों का मानना है कि ऐसे आयोजनों से स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिलता है और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा मिलती है। यह आयोजन न केवल अनूपपुर के लिए बल्कि पूरे क्षेत्र के लिए सांस्कृतिक दृष्टि से एक महत्वपूर्ण अवसर साबित होगा।



### मैहर मां शारदा मंदिर में भक्तों के खतरनाक रास्ते से जाने का वीडियो हुआ वायरल

# अत्यधिक भीड़ के कारण दर्शनार्थी उठा रहे यह कदम







**मैहर।** चैत्र नवरात्रि मेले के दौरान मैहर स्थित मां शारदा देवी मंदिर में लाखों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंच रहे हैं। भीड़ के कारण सीढ़ी मार्ग और रोपवे पर लंबी कतारें लगने से कुछ श्रद्धालु जोखिम भरे पहाड़ी रास्तों का सहारा ले रहे हैं। इस दौरान कुछ भक्तों को सुरक्षा जाली लांघकर मंदिर की ओर बढ़ते देखा गया,जिसका वीडियो सामने आया है। वीडियो में श्रद्धालु लगभग 7 से 8 फीट ऊंची सुरक्षा जाली को पार कर पहाड़ी रास्ते से ऊपर चढ़ते हुए दिखाई दे रहे हैं। इसको किसी व्यक्ति ने अपने मोबाइल में रिकॉर्ड किया था। प्रशासन ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए सीढ़ी मार्ग,रोपवे सहित अन्य निर्धारित व्यवस्थाएं की हैं। हालांकि,अत्यधिक भीड़ और जल्दबाजी के कारण कुछ लोग इन नियमों को नजर अंदाज कर जोखिम भरे मार्गों का उपयोग कर रहे हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से केवल सुरक्षित और निर्धारित मार्गों का ही उपयोग करने की अपील की है ताकि किसी भी संभावित दुर्घटना से बचा जा सके।

### मैहर में एक लाख से अधिक भक्तों ने किए मां शारदा देवी के दर्शन

चैत्र नवरात्रि के अवसर पर मैहर के मां शारदा देवी मंदिर में भक्त श्रद्धालुओं की भारी भीड देखी जा रही है। प्रशासन की चौक-चौबंद सुरक्षा व्यवस्था के बीच भक्त-श्रद्धालु उत्साहपूर्वक आस्था के साथ मां शारदा देवी के सुगमता से दर्शन कर रहे है। चैत्र नवरात्रि के चौथे दिन रविवार को देश के कोने-कोने से आये 1 लाख 4 हजार 784 दर्शनार्थियों ने मैहर पहुंचकर सुगमता से शारदा माता के दर्शन किये। इनमें 1 लाख 723 श्रद्धालु पैदल मार्ग से,1 हजार 561 वैन मार्ग तथा 2 हजार 500 श्रद्धालु रोपवे मार्ग से मंदिर माता के दरबार में पहुंचे। नवरात्रि पर्व के चलते मंदिर परिसर में लगातार भक्तों की भीड़ बनी हुई है। प्रशासन एवं मंदिर समिति द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं,जिससे श्रद्धालु शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से माता के दर्शन कर सकें।

### रोपवे प्रबंधन की मनमानी से दर्शनार्थी हो रहे परेशान

चैत्र नवरात्रि के दौरान मां शारदा मंदिर में उमड़ी भारी भीड़ के बीच रोपवे प्रबंधन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े होने लगे हैं। दर्शन के लिए पहुंचे कई श्रद्धालुओं ने रोपवे व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की है और प्रबंधन पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि रोपवे के लिए करीब डेढ़ सौ रुपये का टिकट लेने के बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही हैं। लंबी कतारों में एक से दो घंटे तक इंतजार करना पड़ता है,लेकिन इस दौरान न तो पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था है और न ही छाया या बैठने की उचित सुविधा। तेज धूप और भीड़ के बीच यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। दर्शनार्थियों ने आरोप लगाया कि रोपवे प्रबंधन की इस लापरवाही का खामियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है। कई लोगों ने बताया कि वृद्ध,महिलाएं और बच्चे सबसे ज्यादा परेशान होते है। लेकिन व्यवस्थाओं में सुधार के लिए कोई ठोस कदम नजर नहीं आ रहे। श्रद्धालुओं ने प्रशासन से मांग की है कि रोपवे क्षेत्र में तत्काल पेयजल,छाया और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं ताकि नवरात्रि में आने वाले लाखों भक्तों को राहत मिल सके।

## मां शारदा मंदिर में फिसलकर घायल हुआ श्रद्धालु, प्राथमिक उपचार के बाद अस्पताल भेजा गया

**मैहर।** चैत्र नवरात्रि के दौरान मैहर मां शारदा मंदिर में दर्शन करने पहुंचे एक श्रद्धालु के फिसलकर गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया है। जानकारी के अनुसार विकास चौबे (45 वर्ष), निवासी दमोह अपने परिजनों के साथ मां शारदा के दर्शन के लिए मैहर आए थे। बताया गया कि रोपवे प्वाइंट पर स्थित बाथरूम में पैर फिसल जाने से वे गिर पड़े,जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गई और काफी खून बहने लगा। घटना के बाद मौके पर मौजूद परिजन और श्रद्धालुओं में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलते ही रोपवे प्वाइंट पर तैनात स्वास्थ्य टीम ने तत्काल पहुंचकर घायल को प्राथमिक उपचार दिया। बीएमओ डॉ पीयूष पांडेय,सीएचओ नेहाली सनोडिया,हेमंत सोनी और संबल यूके ने मौके पर ही घाव की ड्रेसिंग की। चोट गंभीर होने और अधिक रक्तस्राव को देखते हुए तुरंत एम्बुलेंस बुलाकर घायल को सिविल अस्पताल मैहर रेफर किया गया।अस्पताल में इलाज के बाद श्रद्धालु की हालत सामान्य बताई गई और उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। गौरतलब है कि चैत्र नवरात्रि के चलते इन दिनों मां शारदा मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं।

# बंगाल चुनाव: किसी ने आंखों पर बांधी पट्टी, कोई बना 'नाई', उम्मीदवारों का अनोखा प्रचार शुरु

*कोलकाता। पश्चिम बंगाल के विधानसभा चुनाव में इस बार प्रचार के अलग-अलग और अनोखे रंग देखने को मिल रहे हैं. ।बीरभूम जिले के दुबराजपुर विधानसभा क्षेत्र में चुनावी माहौल के बीच कुछ ऐसे दृश्य सामने आए हैं, जिन्होंने लोगों का खासा ध्यान आकर्षित किया है। यहां राजनीतिक दल पारंपरिक रैलियों और भाषणों से अलग हटकर नए तरीके अपनाते नजर आ रहे हैं। इस अनोखे प्रचार तरीके को लेकर इलाके में चर्चा तेज हो गई है और लोगों के बीच इसे लेकर अलग-अलग प्रतिक्रियाएं देखने को मिल रही हैं।*

## टीएमसी उम्मीदवार ने हांडी फोड़ खेला

दरअसल, ईद के मौके पर तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार नरेश चंद्र बाउरी एक कार्यक्रम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने आंखों पर कपड़ा बांधकर हाथ में डंडा लेकर पारंपरिक 'हांडी फोड़' खेल में हिस्सा लिया। हालांकि वे हांडी तोड़ने में सफल नहीं हो सके, लेकिन उन्होंने इसे प्रतीकात्मक बताते हुए दावा किया कि इसी तरह भाजपा को भी चुनाव में हराया जाएगा।

### भाजपा उम्मीदवार साहा बने नाई

दूसरी ओर, भाजपा उम्मीदवार अनुप कुमार साहा का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें वे गांव के एक व्यक्ति की दाढ़ी बनाते नजर आ रहे हैं। इस वीडियो में वे नाई की भूमिका निभाते हुए दिख रहे हैं। यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है और लोग इसे भाजपा के अलग प्रचार अंदाज के रूप में देख रहे हैं।



### भाजपा की प्रतिक्रिया और सियासी बयान

तृणमूल उम्मीदवार के इस अंदाज पर भाजपा ने भी प्रतिक्रिया दी है। भाजपा उम्मीदवार और मौजूदा विधायक अनुप कुमार साहा ने कहा कि आंख बंद करके भाजपा को हराया नहीं जा सकता। उन्होंने आरोप लगाया कि इस तरह के कार्यक्रमों के जरिए लोगों को भ्रमित करने की कोशिश की जा रही है।

### टीएमसी नेता का बयान बना सियासी तूफान

पश्चिम बंगाल में चुनावी माहौल के बीच बोलपुर में एक बयान को लेकर राजनीतिक विवाद तेज हो गया है। पूर्व मंत्री चंद्रनाथ सिन्हा ने चुनाव प्रचार के दौरान भगवान रामचंद्र को लेकर विवादित टिप्पणी की। सभा में बोलते हुए चंद्रनाथ सिन्हा ने कहा कि बीजेपी उत्तर भारत की पार्टी है और रामचंद्र उत्तर भारत के देवता हैं। चंद्रनाथ सिन्हा ने एक चुनावी सभा में बोलते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यहां आकर इस बार 'जय श्रीराम' नहीं कहा, उन्होंने 'जय मां काली' कहा।

### ममता के गढ़ भवानीपुर में पोस्टर फाड़े जाने पर बवाल

कोलकाता। बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के निर्वाचन क्षेत्र व राज्य की सबसे हाईप्रोफाइल सीट भवानीपुर में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और विपक्षी भाजपा के बीच पोस्टर वार शुरू हो गया है। पोस्टर फाड़े जाने के आरोपों को लेकर तृणमूल और भाजपा दोनों ने कालीघाट पुलिस स्टेशन में एक दूसरे के खिलाफ शिकायतें दर्ज कराई हैं। भवानीपुर में शनिवार को तृणमूल कांग्रेस के पोस्टर फाड़े जाने के आरोपों को लेकर तनाव का माहौल छा गया। सत्ताधारी पार्टी ने इस घटना के पीछे भाजपा का हाथ होने का आरोप लगाया है।

### बंगाल चुनाव में भाजपा ने साधु-संत और पुजारियों को दिए टिकट

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव 2026 के लिए भारतीय जनता पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति में एक बड़ा बदलाव करते हुए कई संन्यासियों, महंतों और पुजारियों को उम्मीदवार बनाया है। पार्टी का लक्ष्य अपने उम्मीदवारों के आध्यात्मिक प्रभाव का लाभ उठाकर तृणमूल कांग्रेस के खिलाफ चुनावी संभावनाओं को मजबूत करना है।

### प्रमुख उम्मीदवार और उनके चुनावी क्षेत्र

कालीगंज (उत्पल महाराज): भाजपा ने यहां से 42 वर्षीय सन्यासी उत्पल महाराज को टिकट दिया है। उन्होंने मौजूदा विधायक सौमेन रॉय की जगह ली है। वह टीएमसी के निताई बैश्य के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। उलुबेरिया दक्षिण स्वामी मंगलानंद पुरी। उनका मुकाबला टीएमसी के मौजूदा विधायक पुलक रॉय से है। नवद्वीप से श्रुति शेखर गोस्वामी प्रतिष्ठित श्री श्री राधा सुदर्शन लाल जीयू मंदिर के पुजारी हैं। गोस्वामी का मुकाबला पांच बार के विधायक पुंडरीकाक्ष साहा से है। बेहाला पूर्व से शिव सोंग सेवा संघ के सन्यासी सुनील महाराज को इस सीट से उतारा गया है।

## असम

# कांग्रेस से आए सांसद को टिकट देने पर नाराज भाजपा विधायकों को मना रही पार्टी



एजेंसी ▶▶| कोच्चि

असम विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी के भीतर नेताओं की नाराजगी सामने आने लगी है। पार्टी टिकट से वंचित कई मौजूदा विधायक और दावेदार निर्दलीय चुनाव लड़ने की धमकी दे रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, इस स्थिति को संभालने के लिए मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया खुद आगे आकर नाराज नेताओं को मनाने की कोशिश कर रहे हैं।

बताया जा रहा है दोनों नेता उनकी बात मान गए हैं। हाल ही में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं प्रद्युत बोरदोलोई और भूपेन बोरा के बीजेपी में शामिल होने के बाद बोरदोलोई को दिसपुर सीट से बोरा को बिहपुरिया सीट से पार्टी टिकट दिए गया है। इस फैसले से पार्टी के कई पुराने दावेदारों में नाराजगी बढ़ गई है। दिसपुर सीट पर सबसे ज्यादा विरोध देखने को मिला यहां वरिष्ठ नेता जयंत दास को टिकट मिलने की संभावना थी, लेकिन अंतिम समय में बोरदोलोई को उम्मीदवार बनाए जाने से असंतोष बढ़ गया।

### हमारी क्षमता 160 तक सीटें जीतने की
### सीएम सरमा

असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा- हमारी क्षमता 160 तक सीटें जीतने की है। अभी चुनाव प्रचार शुरू नहीं हुआ है। 26 मार्च से मेरी रैली शुरू होंगी तब सीटों का अंदाज लग पाएगा। किसी की भी टिकट कट सकती है। कभी कभी टिकट कटने के बाद भाग्य खुल जाता है और उससे भी बड़ी चीज मिल जाती है। सभी को पार्टी के लिए खुश होकर काम करना चाहिए।पहली सूची में घोषित पार्टी उम्मीदवारों में उदंगश्री नरजारी (कोकराझार), मोमिनुर इस्लाम (बिलासीपारा), कौशिक रंजन दास (अभयपुरी), कल्याणी कलिता (बजाली), राजन चौहान (गोरेश्वर), हरे कृष्ण डेका (मंगलदाई), फजीउर रहमान लस्कर (काटीगोरा) और शाहजहां लस्कर (सोनाई) शामिल हैं।

## केरल

**एलडीएफ का 110 सीट का लक्ष्य माकपा**

# असंतुष्ट नेताओं से चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा : माकपा

कन्नूर (केरल)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) के केरल इकाई के सचिव एम वी गोविंदन ने रविवार को कहा कि पार्टी के असंतुष्ट नेताओं से सत्तारूढ़ वाम मोर्चे की आगामी विधानसभा चुनाव में संभावनाओं पर असर नहीं पड़ेगा और दलबदल करने वालों की संख्या ''नगण्य'' है।गोविंदन ने यहां पत्रकारों से बातचीत में कहा कि राज्य में सत्तारूढ़ वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) का आगामी चुनाव में 110 सीट हासिल करने का लक्ष्य है। ज्ञात हो कि जी. सुधाकरन सहित चार वरिष्ठ नेताओं ने पार्टी के खिलाफ बगावत कर दी है और वे निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। गोविंदन ने कहा, ''केरल में हमारे 5.5 लाख सदस्य और करीब 2.5 लाख समर्थक हैं।



## पुडुचेरी

**पार्टी उम्मीदवार के रूप में टिकट नहीं मिलने से थे नाराज**

# पुडुचेरी के पूर्व मंत्री ने भाजपा से इस्तीफा दिया

पुडुचेरी। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारी और ऑल इंडिया एन. आर. कांग्रेस (एआईएनआरसी) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार में पूर्व मंत्री रहे ए.के. साई जे. सरवन कुमार ने विधानसभा चुनावों में पार्टी उम्मीदवार के रूप में टिकट नहीं मिलने के कुछ दिनों बाद राष्ट्रीय पार्टी से इस्तीफा दे दिया। कुमार को ऊसुडु निर्वाचन क्षेत्र से दोबारा चुनाव लड़ने के लिए पार्टी का उम्मीदवार नहीं बनाया गया और भाजपा ने मनोनीत विधायक ई थीप्पैनथन को चुनावी मैदान में उतारा है। सरवन कुमार ने कहा कि उन्होंने पार्टी की प्राथमिक सदस्यता और सभी जिम्मेदारियों से इस्तीफा दे दिया तथा उन्होंने इसके लिए पार्टी के स्थानीय नेताओं को जिम्मेदार ठहराया। कुमार ने बताया कि उन्होंने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन सहित अन्य लोगों को अपना त्यागपत्र भेज दिया है।



## तमिलनाडु

**अपनी पार्टी की 'उपेक्षा' से नाखुश**

# द्रमुक के सहयोगी दल ने गठबंधन से समर्थन वापस लिया

चेन्नई। तमिलनाडु में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की सहयोगी पार्टी तमिलगा वझ्वुरिमाई काची ने सत्तारूढ़ पार्टी के नेतृत्व वाले धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) से अपना समर्थन वापस लेने का फैसला किया है। पार्टी के संस्थापक व पनरुति (कुड्डालोर जिला) विधानसभा क्षेत्र से मौजूदा विधायक वेलमुरुगन ने कहा कि अपनी पार्टी की 'उपेक्षा' और द्रमुक के ''धौंस जमाने वाले रवैये'' से नाखुश होकर यह फैसला लिया गया। वेलमुरुगन ने यहां पत्रकारों से कहा मैं सरकार से बार-बार कुछ मांगें पूरी करने का आग्रह करता रहा हूं। लेकिन द्रमुक इसे नजरअंदाज करती रही है। उन्होंने कहा कि उनका संगठन तमिलनाडु में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल नहीं होगा।



# राशिद अल्वी ने कहा-सीपीएम भाजपा की भाषा बोल रही

केरल विधानसभा चुनाव पर कांग्रेस नेता राशिद अल्वी ने कहा- सीपीएम भाजपा की भाषा में बात कर रही है, और यही कारण है कि केरल और दिल्ली दोनों जगह यह धारणा बनी हुई है कि वे पर्दे के पीछे मिलकर काम कर रहे हैं, एक खेल खेल रहे हैं, और केरल में कांग्रेस को हराने का प्रयास कर रहे हैं।



## खबर संक्षेप

### दो नाबालिगों से 4.54 लाख का गांजा बरामद

**सूरत।** गुजरात के सूरत में 17 वर्षीय दो लड़कों के पास से 4.54 लाख रुपये मूल्य का गांजा बरामद करके उन्हें हिरासत में लिया गया। पुलिस ने शनिवार को एक गुप्त सूचना के आधार पर बिहार से आए दोनों आरोपियों को उधना भाथेना इलाके में एल एन पार्क सोसाइटी के पास उस समय रोका जब वे एम-4 बाजार की ओर जा रहे थे। दोनों के पास से 9.08 किलोग्राम मादक पदार्थ बरामद किया गया।



### बहराइच में हाथी के हमले में महिला की मौत

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य क्षेत्र के भवानीपुर गांव में रविवार सुबह जंगल के किनारे हाथी के हमले में एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि पिछले 36 दिनों में हाथी के हमले में किसी व्यक्ति की मौत की यह तीसरी घटना है, जिससे क्षेत्र के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। कतर्नियाघाट वन्यजीव अभयारण्य के प्रभागीय वनाधिकारी अपूर्व दीक्षित ने बताया कि कतर्निया रेंज के भवानीपुर गांव की 80 वर्षीय कुवारिया देवी जंगल से सटे अपने खेत में बकरियां चरा रही थीं।

### पुलिया के नीचे गिरी बाइक चार युवकों की मौत

**मंडला (मप्र)।** मध्यप्रदेश के मंडला जिले में एक मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर जर्जर पुल से नीचे गिर गई जिस कारण वाहन पर सवार चार युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि यह घटना शनिवार रात लगभग आठ बजे के करीब जिले के बीजाडांडी थाना क्षेत्र के भैंसवाही गांव के पास हुई जब एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर चार युवक पौड़ी गांव से भैसवाही गांव की ओर जा रहे थे। थाना प्रभारी अनीता कुड़ापे ने बताया कि पुल से गुजरने के दौरान सड़क के गड्ढे के कारण मोटरसाइकिल नीचे गिर गई।

**राज्यों को मिलेगी 20% ज्यादा एलपीजी**

# रूस व अमेरिका से पहुंचे तेल और गैस के जहाज

**भारत में ऊर्जा संकट का समाधान: मिडिल ईस्ट युद्ध के बीच भारत के लिए राहत!**

**रूस और अमेरिका से कच्चे तेल व गैस के जहाज गुजरात और मंगलुरु पहुंचे**

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



दुनिया के सबसे संवेदनशील समुद्री मार्ग 'होर्मुज जलडमरूमध्य' में जारी संघर्ष के बावजूद भारतीय टैंकरों ने अपनी सप्लाई चेन को बरकरार रखा है। रविवार को अमेरिका के टेक्सास से एलपीजी लेकर एक कार्गो शिप मंगलुरु पोर्ट पहुंचा, जबकि रूस से क्रूड ऑयल लेकर एक अन्य जहाज ने भारतीय तट पर दस्तक दी। देश में गैस की संभावित किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। आज 23 मार्च से राज्यों को मिलने वाली एलपीजी सप्लाई में 20% की बढ़ोतरी की जाएगी।

मिडिल ईस्ट में जारी भीषण युद्ध के मद्देनजर भारत ने स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर अपनी निर्भरता को कम करने के लिए कई कदम उठा हैं, जिसके नतीजे अब जमीनी स्तर पर दिखने लगे हैं। अधिकारियों के अनुसार, जहाज से कच्चे तेल को सीधे रिफाइनरी तक पहुंचाने के लिए समुद्र के अंदर बिछी पाइपलाइनों का इस्तेमाल किया जाएगा। इससे न केवल समय की बचत होगी, बल्कि परिवहन के दौरान होने वाले जोखिम को भी कम किया जा सकेगा।

### अमेरिका से आई एलपीजी मंगलुरु पोर्ट पहुंची

मंगलुरु पहुंचे 'एक्वा टाइटन' के अलावा अमेरिका के टेक्सास से एलपीजी लेकर जहाज 'पिक्सिस पायोनियर' रविवार सुबह भारत पहुंच गया है। जहाज में मंगलुरु पोर्ट पर सफलतापूर्वक डॉक हो गया। रूस-अमेरिका से आई ये दोनों खेप ऐसे वक्त में आई हैं, जब अंतरराष्ट्रीय बाजार में सप्लाई चेन को लेकर काफी अनिश्चितता बनी हुई है। भारत के लिए रूस और अमेरिका दोनों से एक साथ ऊर्जा आपूर्ति मिलना एक बड़ी रणनीतिक जीत मानी जा रही है।

### रूस से आया क्रूड ऑयल

इसी क्रम में रूसी क्रूड ऑयल से लदा जहाज एक्वा टाइटन शनिवार-रविवार की दरमियानी रात को कर्नाटक के मंगलुरु पोर्ट पहुंच गया है, जहां वह समुद्र में लंगर डाले खड़ा है। यहां से पाइपलाइनों के जरिए कच्चा तेल रिफाइनरी तक पहुंचाया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार रूस का ये जहाज मूल रूप से चीन जा रहा था, लेकिन बीते दिनों इस जहाज को दक्षिण चीन सागर में कोर्स बदलकर भारत की ओर मोड़ दिया गया था।

### एक सप्ताह में 5 जहाज पहुंचे भारत

पिछले 7 दिनों में करीब पांच जहाज गैस-कच्चा तेल लेकर समुद्र के रास्ते भारत पहुंचे। इससे पहले 18 मार्च को क्रूड ऑयल टैंकर 'जग लाडकी' गुजरात में अडाणी पोर्ट्स आया था। वहीं, दो अन्य एलपीजी कैरियर एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी करीब 92,712 मीट्रिक टन गैस लेकर 16 और 17 मार्च को भारत आए थे। हालांकि, ये तीनों जहाज होर्मुज के रास्ते से होकर गुजरे थे।

### आज से राज्यों को 20% ज्यादा सप्लाई

देश में गैस की संभावित किल्लत को देखते हुए केंद्र सरकार ने सख्त कदम उठाए हैं। आज 23 मार्च से राज्यों को मिलने वाली एलपीजी सप्लाई में 20% की बढ़ोतरी की जाएगी। सामुदायिक रसोई, अस्पतालों, होटलों और औद्योगिक कैंटीनों को गैस आपूर्ति में प्राथमिकता मिलेगी। मजदूरों को 5 किलो वाले 'फ्री ट्रेड एलपीजी' सिलेंडर आसानी से उपलब्ध कराए जाएंगे।

**घरेलू उड़ानों पर लगा अस्थायी प्रतिबंध आज से समाप्त**

# महंगा हो सकता है हवाई सफर सरकार ने किराए से प्रतिबंध हटाया




एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में घरेलू उड़ानों से सफर महंगा हो सकता है। नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घरेलू हवाई किराए पर लगाए गए अस्थायी प्रतिबंधों को हटा दिया है। यानी अब एयरलाइंस घरेलू विमानों का किराया सीटों की मांग की हिसाब से बढ़ा सकेंगी। ये आदेश 23 मार्च से लागू हो जाएगा।

सरकार ने दिसंबर, 2025 में इंडिगो संकट के बाद उड़ानों पर अधिकतम किराया निर्धारित किया था, जिसे अब हटाया गया है। केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने कहा, मौजूदा युद्ध की स्थिति का एविएशन सेक्टर पर असर पड़ सकता है। यह सुनिश्चित करने के प्रयास किए जा रहे हैं कि किराए में बढ़ोतरी का बोझ यात्रियों पर न पड़े। तेल की कीमतों और एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतों पर असर निश्चित रूप से पड़ेगा, लेकिन इसका असर संचालन और यात्रियों पर नहीं पड़ना चाहिए। हम देखेंगे कि यात्रियों के लिए हम सबसे बेहतर क्या कर सकते हैं।

### आज से लागू हो जाएगा आदेश

मंत्रालय ने आदेश में कहा कि 6 दिसंबर, 2025 को लागू की गई ये सीमाएं इंडिगो संकट के बाद टिकट की कीमतों में असामान्य वृद्धि को रोकने और यात्रियों के हितों की रक्षा करने और सीमित क्षमता की अवधि के दौरान वहनीयता सुनिश्चित करने के लिए लागू की गई थीं। परिचालन सामान्य हो जाने और क्षमता बहाल हो जाने के बाद सरकार ने 23 मार्च, 2026 से किराया सीमा को हटाने का निर्णय लिया है।

### एयरलाइन जिम्मेदारी से लें फैसला : मंत्रालय

मंत्रालय ने एयरलाइनों को मूल्य निर्धारण में अनुशासन बनाए रखने और जिम्मेदारी से काम करने का निर्देश दिया है ताकि यात्रियों के हितों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। सरकार ने यह भी चेतावनी दी कि किराए में किसी भी प्रकार की अत्यधिक या अनुचित वृद्धि खासतौर पर मांग बढ़ने, व्यवधानों या आपात स्थितियों के दौरान को गंभीरता से लिया जाएगा।

### क्या संकट जिस पर बना था नियम

दरअसल, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय ने 1 नवंबर, 2025 से पायलटों और अन्य चालक दल सदस्यों के काम से जुड़े नियमों में बदलाव किए थे। इसकी वजह से इंडिगो में कर्मचारियों की कमी हो गई और हजारों उड़ानें रद्द हुई थीं। इस दौरान अन्य एयरलाइंस ने घरेलू उड़ानों का किराया 50,000 रुपये तक बढ़ा दिया था। इसे रोकने के लिए सरकार ने दूरी के हिसाब से अधिकतम किराया निर्धारित कर दिया था।

## आंध्र प्रदेश में हादसा

# मिलावटी दूध पीने से अब तक 16 की मौत, 3 की हालत गंभीर

एजेंसी ▶▶| पूर्वी गोदावरी

आंध्र प्रदेश के पूर्वी गोदावरी जिले में मिलावटी दूध पीने से मरने वाले की संख्या बढ़कर 16 हो गई है। इसी तरह 3 अन्य लोगों का राजमहेन्द्रवरम के अस्पतालों में इलाज चल रहा है। यह घटना फरवरी के मध्य की है, जब लालचेरुवु के कुछ हिस्सों में आपूर्ति किए गए मिलावटी दूध के कारण कथित तौर पर कई ग्राहक गंभीर रूप से बीमार पड़ गए थे। इस घटना ने क्षेत्र में खाद्य सुरक्षा मानकों को लेकर चिंताएं बढ़ा दी हैं। यह मामला औपचारिक रूप से परसों सामने आया था। उस समय लालाचेरुवु के चौदेश्वरनगर और स्वरूपनगर क्षेत्रों के निवासियों ने स्थानीय रूप से आपूर्ति किए गए दूध का सेवन करने के बाद उल्टी, पेट दर्द, पेशाब करने में असमर्थता और तीव्र गुर्दे की खराबी सहित गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं की शिकायतें की थीं।

### प्रयोगशाला जांच में क्या सामने आया?

स्वास्थ्य विभाग की विज्ञप्ति के अनुसार, प्रयोगशाला जांच के नतीजों से पता चला है कि 16 पीड़ितों की मौत एथिलीन ग्लाइकॉल नामक जहरीले पदार्थ से दूषित दूध पीने के बाद किडनी फेल होने के कारण हुई। इसके चलते उनके शरीर के कई अंगों ने काम करना बंद कर दिया था।

## तिरुपति बालाजी दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल; पद्मनाभ मंदिर में सबसे ज्यादा खजाना

# देश के सबसे अमीर मंदिर, जिनके पास है सोना-चांदी हीरे व जवाहरात और बेशुमार दौलत का भंडार

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देश में कई ऐसे मंदिर हैं, जहां पर हर साल करोड़ों रुपये का चढ़ावा चढ़ता है। इसलिए इन मंदीरों के पास बेशुमार दौलत है। कई मंदिरों के बैंकों में हजारों करोड़ रुपये जमा है। साथ ही सोना-चांदी और हीरे-जवाहरात का बड़ा खजाना मंदिरों के पास है। भारत के टॉप 10 सबसे अमीर मंदिरों के पास 9 लाख करोड़ से ज्यादा की संपत्ति है।



ग्लोबल वेल्थ इंडेक्स-2026 के मुताबिक तिरुपति बालाजी मंदिर 3.38 लाख करोड़ की चल-अचल संपत्ति के साथ दुनिया का तीसरा सबसे अमीर धर्मस्थल है।

**100 देशों की जीडीपी से ज्यादा तिरुपति की संपत्ति :** इंटरनेशनल मॉनिटरी फंड और वर्ल्ड बैंक के डेटा के मुताबिक तिरुपति मंदिर की कुल संपत्ति साइप्रस, आइसलैंड, एस्टोनिया जैसे 100 छोटे देशों की जीडीपी से भी ज्यादा है। यहां सामान्य और खास दिनों में औसतन 1 से 5 करोड़ तक का चढ़ावा आता है।

### वैष्णो देवी मंदिर, जम्मू काश्मीर

जम्मू में वैष्णो देवी मंदिर, जो 5,200 फीट की ऊंचाई पर स्थित है, को पिछले दो दशकों में 1,800 किलोग्राम से ज्यादा सोना और 4,700 किलोग्राम चांदी मिली है, साथ ही 2,000 करोड़ से ज्यादा का कैश चढ़ावा भी मिला है।

### शिर्डी साईं बाबा मंदिर, महाराष्ट्र

शिर्डी साईं बाबा मंदिर को सालाना 400 करोड़ से ज़्यादा का दान मिलता है। यह लोकप्रिय मंदिर हज़ारों लोगों को मुफ्त खाना खिलाता है, जो धार्मिक महत्व को असरदार सामुदायिक सेवा के साथ मिलाता है।

### गोल्डन टेम्पल, अमृतसर

सिख धर्म में आध्यात्मिक महत्व के लिए मशहूर गोल्डन टेम्पल हर साल लगभग 500 करोड़ कमाता है और यह एकता, शांति और सामूहिक भक्ति का प्रतीक है।

### मीनाक्षी मंदिर, मदुरै

अपनी शानदार द्रविड़ वास्तुकला के लिए मशहूर मीनाक्षी मंदिर में रोज 20,000 से ज्यादा लोग आते हैं और धार्मिक कार्यक्रमों, दान और मंदिर की गतिविधियों से हर साल लगभग 6 करोड़ की कमाई होती है।

### पद्मनाभस्वामी मंदिर, केरल



अपने छिपे हुए खजानों के लिए मशहूर, तिरुवनंतपुरम के इस मंदिर के पास 1.2 लाख करोड़ की संपत्ति है, जिसमें सोने के गहने, पन्ने, हीरे और गुप्त भूमिगत कमरों से मिली पुरानी चीजें शामिल हैं। इस मंदिर के खजाने में हीरे, सोने के गहने और सोने की मूर्तियां शामिल हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, मंदिर की 6 तिजोरियों में करीब 20 अरब डॉलर की संपत्ति रखी है। इतना ही नहीं, गर्भगृह में भगवान विष्णु की एक विशाल स्वर्ण मूर्ति स्थापित है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 500 करोड़ रुपये बताई जाती है।